Paymanager Info rajsevak.com

रोजाना एक प्रश्न

श्री लीलाराम जी प्रधानाचार्य
राउमावि मुबारिकपुर (रामगढ) अलवर
नि. दोहडा (किशन गढ बास) अलवर

आज का टॉपिक

सामुदायिक /जनसहयोग से प्राप्त राशि को शाला दर्पण पर अपडेट करना

विद्यालय में सामुदायिक /जनसहयोग से प्राप्त राशि को शाला दर्पण पोर्टल पर निम्न प्रकार अपडेट करें :

- सबसे पहले विद्यालय की यूजर आई डी से शाला दर्पण पोर्टल rajshaladarpan.nic.in लॉगिन करेंगे, उसके बाद शाला दर्पण के home page पर विद्यालय टैब में जाएं जहां पर हमें निम्न अनुसार विकल्प दिखाई देंगे विद्यालय› विद्यालय अवलोकन› एसआईईक्यू› सामुदायिक सहभागिता› स्टार रैंकिंग› ज्ञान संकल्प पोर्टल
- हमें इनमें से सामुदायिक सहभागिता (community engagement) विकल्प चुनना है इस टैब में अनेक विकल्प दिखाई देंगे, जिनमें से हमें एसडीएमसी /एसएमसी त्रैमासिक विकल्प पर क्लिक करना है जिसमें दो विकल्प दिखाई देंगे।
  - 1. मीटिंग
  - 2. फंड मैनेजमेंट
- सबसे पहले मीटिंग पर क्लिक करेंगे › सत्र का चुनाव करेंगे › 2021-2022 › प्रथम क्वार्टर (अप्रैल से जून) का चुनाव करेंगे और इसे सबमिट कर देंगे। विकल्प में विद्यालय द्वारा आयोजित एसडीएमसी/एस एम सी/ पीटीए बैठक संबंधित सूचना अपडेट करनी होती है। अपडेट करने के बाद इसे सेव कर सकते हैं। डेटा सेव होने के बाद भामाशाह द्वारा दान एवं कोष प्राप्ति /व्यय का विवरण निम्नानुसार पोर्टल पर उपलब्ध विकल्प के आधार पर फीड करना है।
  - सत्र 2021_22
  - भामाशाह द्वारा विद्यालय को दान की गई नकद राशि
  - भामाशाह द्वारा विद्यालय में कराए गए निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि
  - भामाशाह द्वारा विद्यालय में उपलब्ध कराए गए अन्य किसी भी प्रकार के भौतिक संसाधन की कुल अनुमानित लागत राशि
  - सांसद महोदय द्वारा किसी भी योजना में उपलब्ध कराई गई राशि
  - विधायक महोदय द्वारा किसी भी योजना में उपलब्ध कराई गई राशि
  - विद्यालय में उपलब्ध कराई गई कुल राशि

  जिस विकल्प में राशि प्राप्त होती है उसे भरकर सेव कर देंगे।
- इसी तरह से क्राउडफंडिंग का विवरण दर्ज कर सकते हैं जिसमें विद्यालय में कराए गए निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि या विद्यालय में उपलब्ध कराए गए भौतिक संसाधन या सुविधा की कुल लागत राशि विद्यालय को दान की गई नगद राशि का विवरण जिसमें प्राप्त राशि /खर्च राशि आदि का विवरण दर्ज कर सेव कर देंगे।
- इस तरह हम विद्यालय को जन सहयोग या भामाशाह द्वारा जो राशि प्राप्त होती है उसे शाला दर्पण पर फीड कर सकते हैं।
- अक्षय पेटिका में भी प्राप्त राशि को इसी विकल्प से फीड किया जा सकता है साथ ही इस राशि में से खर्च व शेष राशि की प्रविष्ठी की जा सकती है।
- अक्षय पेटिका खोलने की दिनांक आदि का विवरण दर्ज कर सेव कर सकते हैं ।
- विद्यालय में यदि स्वैच्छिक अनुदान विकास कोष की स्थापना की गई है तो उसकी दिनांक भरकर स्वैच्छिक अनुदान कोष में कितने अभिभावकों ने राशि डोनेट की और मद जिस पर यह राशि खर्च की गई /शेष राशि आदि का विवरण भी इसी विकल्प के अनुसार फीड किया जा सकता है।

इस तरह से प्राप्त राशि को हम शाला दर्पण पोर्टल पर फ़ीड कर सकते हैं।

Paymanager Info

NOTE उक्त सामग्री सामान्य जानकारी हेतु साथियों को उपलब्ध कराई गई है, जो राज्यादेशों और अन्य कारणों से असंगत हो सकती है, ऐसी स्थिति में राज्यादेश के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जावे, **Paymanager Info** समूह के सदस्य और **rajsevak.com** किसी भी प्रकार जिम्मेदार नहीं होंगे।